षोडश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-13 शनिवार, दिनांक- 18 मार्च, 2017 ई० ।

मानानीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.16 बजे अप० तक ।

[1] अन्य चर्चा :-

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही माननीय नेता विरोधी दल, श्री प्रेम कुमार द्वारा कुछ मुद्दे उठाने का प्रयास किया गया जिस पर आसन से कहा गया कि इस मामले को सही समय पर उठाया जाय ।

आसन से निदेश के उपरान्त विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर बैठ गये ।

[2] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्प सूचित प्रश्न अपृष्ठ ।
(ii) 23 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1284 नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानान्तरित ।
(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1302 आपदा प्रबंधन विभाग में स्थानान्तरित ।
(v) 98 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[3] कार्य स्थगन :-

माननीय सदस्य, श्री मिथिलेश तिवारी, श्री अशोक कुमार सिंह, श्री विद्या सागर केशरी, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह, श्री राणा रणधीर, श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव, श्री अरूण कुमार सिन्हा एवं श्री विजय कुमार सिन्हा से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[4] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव	(ii) श्री सुदामा प्रसाद
(iii) श्री महबूब आलम	(iv) श्री मिथिलेश तिवारी
(v) श्री मो० नेमतुल्लाह	(vi) श्री समीर कुमार महासेठ

(vii) श्री अचमित ऋषिदेव (viii) श्री मो० नवाज आलम
(ix) श्री मुन्द्रिका सिंह यादव (x) श्री रामदेव राय
(xi) श्री जितेन्द्र कुमार (xii) श्रीमती बेबी कुमारी
(xiii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह (xiv) श्री आनंद शंकर सिंह
(xv) श्री वशिष्ठ सिंह (xvi) डा० रामानुज प्रसाद
(xvii) श्री अमित कुमार

[5] **ध्यानाकर्षण सूचना** :-

(i) माननीय सदस्य, श्री अरूण कुमार सिन्हा का गृह विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ठ ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री मो० नेमतुल्लाह एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री मो० नेमतुल्लाह द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग श्री अशोक चौधरी द्वारा उत्तर दिया गया ।

[6] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना** :-

(i) माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा नियम समिति के तृतीय प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(ii) माननीय सभापति, लोक लेखा समिति, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा समिति का क्रमश: 616, 618, 619, 621 एवं 622वाँ प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

इस दौरान अपनी विभिन्न माँगों को लेकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए । आसन से अनुरोध करने के बाद भी सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 05.03 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[7] **वित्तीय कार्य** :- **वित्तीय वर्ष 2017-2018 के वार्षिक वित्तीय विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-04 (पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग)] पर वाद-विवाद तथा मतदान**

पथ निर्माण विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । माननीय सदस्य श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा अनुदान की माँग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । अनुदान की माँग एवं कटौती प्रस्ताव पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री भोला यादव (ii) श्री रत्नेश सादा

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री रामनारायण मंडल ने आसन ग्रहण किया ।)

(iii) श्री (डा०) सुनील कुमार (iv) श्री विजय शंकर दूबे
(v) श्री मो० नवाज आलम (vi) श्री चन्द्रसेन प्रसाद
(vii) श्रीमती आशा देवी (viii) श्री बशिष्ठ सिंह
(ix) श्री महबूब आलम (x) श्री ललन पासवान
(xi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (xii) श्री मो० नेमतुल्लाह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(xiii) श्री विद्या सागर केशरी

तत्पश्चात् सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री पथ निर्माण विभाग, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा विस्तारपूर्वक दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य श्री अरूण कुमार सिन्हा का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा पथ निर्माण विभाग के संबंध में अनुदान की माँग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[8] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-41 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-20 मार्च, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-18.03.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।